हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

तेरहवां सत्र

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

मंगलवार, 17 नवम्बर, 2026/26, कार्तिक, 1948 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न 39

हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान

***4805 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला माजरा, जिला सिरमौर में हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान बनाया गया है; यदि हां, तो इस पर कुल कितना व्यय हुआ तथा कार्य कब पूर्ण हुआ;

(ख) क्या उक्त पाठशाला में बोरवेल एवं विद्युत ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं; यदि हां, तो इनकी अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) यह भी सत्य है कि बिजली बिल के भुगतान को लेकर शिक्षा विभाग तथा युवा सेवाएं एवं खेल विभाग में मतभेद के चलते बिजली कनेक्शन नहीं लग पाया, जिस कारण एस्ट्रोटर्फ क्षतिग्रस्त हो रहा है; यदि हां, तो सरकार विभागों के बीच बिजली बिल, रख-रखाव एवं जिम्मेदारी सुनिश्चित करने हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

निर्माणाधीन चिड़ियाघर

***4806 श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला कांगड़ा के बनखण्डी में निर्माणाधीन चिड़ियाघर के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें; और

(ख) इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा ?

पी0डी0एन0ए0

***4807 श्री दीप राज (करसोग) :**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पी0डी0एन0ए0 के तहत कितने विकास कार्य स्वीकृत किए गए तथा कितने कार्यों की निविदाएं आमंत्रित की गईं; इन कार्यों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत, आबंटित एवं व्यय की गई;

(ख) क्या निविदाएं आमंत्रित करने से पूर्व संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित कार्यस्थलों का मौके पर निरीक्षण किया गया था; यदि हां, तो निरीक्षण की तिथि, अधिकारियों के नाम एवं निरीक्षण रिपोर्ट का ब्यौरा दें; और

(ग) क्या कार्यस्थलों की वास्तविक स्थिति, आवश्यकता एवं तकनीकी व्यवहार्यता के आधार पर ही इन कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई थी; ब्यौरा दें?

Pollution Control Board

***4808 Sh. Hardeep Singh Bawa (Nalagarh):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) the year-wise number of applications received by the Himachal Pradesh State Pollution Control Board from 01 January, 2023 to 31 October, 2026 for grant of Consent to Establish (CTE), Consent to Operate (CTO) and renewal of Consent to Operate;

(b) the number of permissions granted under each category, indicating the names and addresses of the applicants/units, location, nature of activity and

date of grant of consent; and

(c) the number of applications rejected and pending under each category, along with the names and addresses of the applicants/units and reasons for rejection or pendency with year-wise details?

पेयजल योजनाओं की स्थिति

***4809 डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में भरमौर एवं पांगी की किन-किन ग्राम पंचायतों तथा बस्तियों में पेयजल की ऐसी कितनी योजनाएं हैं जो बाधित अथवा आंशिक रूप से कार्यरत हैं; इनके बंद/बाधित रहने के क्या कारण हैं; और

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक इनकी मरम्मत एवं रख-रखाव पर वर्षवार कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

बिनवा पुल

***4810 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या बैजनाथ-पपरोला के मध्य बिनवा पुल के समीप भूस्खलन होने से पुल को खतरा बना हुआ है; यदि हां, तो क्या राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन0एच0ए0आई0) भूस्खलन स्थल पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण करवाएगा; यदि नहीं, तो कारण?

नए नगर

***4811 श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला):**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण (हिमुडा) द्वारा प्रदेश में कितने नए नगर अथवा आवासीय कॉलोनियां विकसित किए जाने प्रस्तावित हैं तथा ये किन-किन जिलों एवं स्थानों पर प्रस्तावित हैं;

(ख) इन नए नगरों में आवासीय एवं व्यावसायिक बुनियादी ढांचा के विकास की रूपरेखा तथा निर्माण पूर्ण करने की निर्धारित समय-सीमा का ब्यौरा दें;

(ग) इन नए नगरों हेतु कितनी भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है, कितनी भूमि का अधिग्रहण शेष है तथा दिनांक 01.11.2026 तक भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पर व्यय धनराशि का ब्यौरा दें; और

(घ) क्या सरकार भूमि अधिग्रहण एवं इन नगरों के निर्माण में तेजी लाने के लिए कोई विशेष नीति या अतिरिक्त धनराशि आबंटित करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

स्वां नदी तटीयकरण

***4812 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक स्वां नदी के तटीयकरण, रख-रखाव एवं मरम्मत हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत, जारी व व्यय की गई; वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार इस मानसून से पूर्व क्षतिग्रस्त तटबंधों की मरम्मत हेतु विशेष धनराशि जारी करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

साइबर धोखाधड़ी

***4813 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक पुलिस थाना जोगिन्द्रनगर के अंतर्गत साइबर धोखाधड़ी के कितने मामले दर्ज किए गए; इनमें से कितने मामलों में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफ0आई0आर0) दर्ज की गई तथा कितनी धनराशि की बरामदगी की गई; वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ख) उक्त अवधि में इस पुलिस थाना में चोरी की कितनी घटनाएं दर्ज की गई हैं; इनमें से कितने मामलों में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई, कितने आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा चोरी की गई धनराशि/संपत्ति में से कितनी की बरामदगी की गई; वर्षवार ब्यौरा दें?

पुरानी बसें

***4814 श्री कुलदीप सिंह राठौर (ठियोग):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि ठियोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत हिमाचल पथ परिवहन

निगम की अधिकतर बसें अत्यधिक पुरानी एवं जर्जर अवस्था में हैं तथा बसों की भी अत्यधिक कमी है; यदि हां, तो वर्तमान में यहां कितनी बसें संचालित की जा रही हैं तथा उनमें से कितनी बसें निर्धारित आयु सीमा पूर्ण कर चुकी हैं अथवा तकनीकी रूप से खराब स्थिति में हैं; और

(ख) क्या सरकार इस निर्वाचन क्षेत्र को नई बसें उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कितनी नई बसें उपलब्ध करवाने का प्रस्ताव है; यदि नहीं, तो कारण?

आपदा राहत

***4815** **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**
श्री विनोद कुमार (नाचन) :
श्री विपिन सिंह परमार (सुलह) :

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक आपदा राहत हेतु/पी0डी0एन0ए0 के तहत केंद्र सरकार से अलग-अलग मदों में कब-कब व कितनी-कितनी धनराशि प्राप्त हुई; ब्यौरा दें;

(ख) प्रदेश सरकार द्वारा केंद्र से प्राप्त अलग-अलग मदों में धनराशि कब-कब तथा कहां-कहां व्यय की गई; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ग) उक्त अवधि के दौरान सरकार द्वारा घोषित विशेष राहत पैकेज से प्रदेश के कुल कितने प्रभावितों को किस-किस कार्य हेतु कुल कितनी राशि आबंटित की गई; ब्यौरा राहत प्राप्त प्रभावितों की संख्या, धनराशि सहित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

Annual Functions

***4816** **Sh. Vinod Sultanpuri (Kasauli):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that money is being collected from parents and students in several instances for organizing annual functions in Government schools without any uniform guidelines or properly defined financial regulations; if so, the details thereof;

(b) whether the Department has prescribed any standard operating

procedure (SOP) governing expenditure limits, collection of contributions, financial transparency and accountability for such function or whether the same is left largely to the discretion of individual Principals and Deputy Directors, without any effective monitoring mechanism; and

(c) whether the Government proposes to formulate a uniform policy across all the Government schools to regulate such functions, prohibit compulsory financial contributions from parents and ensure transparency in the collection and utilization of funds; if so, by when; if not, reasons therefor?

बसों की खरीद

*4817 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर) :**
श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर) :

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा नई बसों की खरीद हेतु समिति का गठन किया गया है; यदि हां, तो इसके गठन की तिथि, अध्यक्ष एवं सदस्यों के नाम व पदनाम; समिति के गठन की अधिसूचना, कार्यादेश, बैठकों की कार्यवाही तथा खरीद से संबंधी संस्तुति एवं अनुमोदन से संबंधित अभिलेखों की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) वर्तमान में निगम का कितनी नई बसें खरीदने का प्रस्ताव है; प्रस्तावित बसों की श्रेणीवार संख्या (डीजल, इलेक्ट्रिक व अन्य) अनुमानित लागत, खरीद के लिए निर्धारित बजट तथा निविदा प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें; और

(ग) इन नई बसों की खरीद एवं निगम के बेड़े में शामिल करने हेतु क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है तथा प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं रूटों पर इसके आबंटन की जिलावर एवं श्रेणीवार क्या योजना है; ब्यौरा दें?

रिक्त पद

*4818 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सरकारी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में दिनांक 01.11.2026 तक विभिन्न श्रेणियों के शिक्षकों के कितने पद रिक्त पड़े हैं; विषय व संस्थानवार ब्यौरा दें तथा रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

सोलर लाइटें

***4819 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बिझड़ी ब्लॉक में हिम ऊर्जा विभाग द्वारा कितनी सोलर स्ट्रीट लाइटें स्थापित की गई हैं; इन पर वर्षवार एवं पंचायतवार कितनी धनराशि व्यय की गई;

(ख) सोलर लाइटें किन-किन कंपनियों/फर्मों द्वारा स्थापित की गईं तथा प्रत्येक कंपनी/फर्म को कितना कार्य आबंटित किया गया था; कंपनीवार एवं वर्षवार ब्यौरा दें;

(ग) वर्तमान में इस क्षेत्र में कितनी सोलर स्ट्रीट लाइटें सही ढंग से कार्य कर रही हैं तथा कितनी खराब अथवा बंद पड़ी हैं; पंचायतवार ब्यौरा दें;

(घ) खराब पड़ी सोलर लाइटों को ठीक करवाने हेतु विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई व कितनी लाइटों की मरम्मत कर दी गई है; और

(ङ) क्या संबंधित कंपनियों/फर्मों को सोलर लाइटों के रख-रखाव एवं मरम्मत हेतु वारंटी अवधि के अंतर्गत जिम्मेदार ठहराया गया है; यदि हां, तो खराब लाइटों को ठीक करवाने हेतु क्या पग उठाए गए हैं; ब्यौरा दें?

विस्थापित परिवार

***4820 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्ष 2023 में प्राकृतिक आपदा के कारण अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के कुछ परिवारों के आवासीय भवन असुरक्षित घोषित किए जाने के फलस्वरूप उन्हें विस्थापित होना पड़ा था; यदि हां, तो प्रभावित एवं विस्थापित परिवारों की कुल संख्या कितनी है; और

(ख) क्या सरकार द्वारा उक्त प्रभावित परिवारों के स्थायी पुनर्वास हेतु भूमि आबंटित कर दी गई है; यदि हां, तो कितने परिवारों को भूमि उपलब्ध करवाई गई; यदि नहीं, तो कितने पात्र परिवारों को किन कारणों से भूमि आबंटित नहीं की गई तथा शेष प्रभावित परिवारों को कब तक भूमि उपलब्ध करवा दी जाएगी?

बिजली समस्या

***4821 कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या लाहौल और स्पिति विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लाहौल में गत कुछ वर्षों से बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है; यदि हां, तो कारण;

(ख) थिरोट पावर हाउस में आ रही समस्या तथा गत वर्ष से दिनांक 26.10.2026 तक इन समस्याओं के निवारण हेतु विभाग द्वारा क्या पग उठाए गए तथा स्थायी समाधान हेतु क्या कार्य योजना तैयार की गई है; ब्यौरा दें; और

(ग) रिवाइवल एंड रिफॉर्म्स डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत लाहौल एवं स्पिति मण्डल हेतु स्वीकृत/आबंटित कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है; ये कार्य कब तक शुरू किए जाएंगे; ब्यौरा दें?

बस सेवा

***4822 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चम्बा जिले के किन-किन गांवों व पंचायतों में नियमित हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस सेवा उपलब्ध नहीं है; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें; इन क्षेत्रों को बस सेवा से जोड़ने हेतु सरकार की क्या योजना है; और

(ख) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने बस रूट, बसें न होने के कारण प्रभावित हैं; रूटवार ब्यौरा दें?

मुख्य मंत्री महिला सशक्तिकरण योजना

***4823 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक मुख्य मंत्री महिला सशक्तिकरण योजना तथा अपना परिवार सुखी परिवार योजना के अंतर्गत कितनी महिलाओं एवं परिवारों को लाभ प्रदान किया गया; लाभार्थियों की संख्या का जिलावार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में इन योजनाओं के तहत स्वीकृत बजट व वास्तविक व्यय का योजना एवं

वित्तीय वर्षवार ब्यौरा दें;

(ग) उपरोक्त अवधि में इन योजनाओं के तहत कितने आवेदन प्राप्त हुए व कितने लंबित हैं; योजनावार व जिलावार ब्यौरा दें; और

(घ) पात्र महिलाओं को समय पर लाभ सुनिश्चित करवाने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

पी0डी0एन0ए0

***4824 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक लोक निर्माण मंडल निरमंड के अंतर्गत पी0डी0एन0ए0 के तहत स्वीकृत, जारी, व्यय व शेष धनराशि का योजनावार, उप-मंडलवार व सड़क/आर0डी0वार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में आमंत्रित निविदाओं, पात्र निविदाओं, स्वीकृत दरों, ठेकेदारों/फर्मों को आबंटित कार्यों, अनुबंध धनराशि, कार्यों की अद्यतन स्थिति तथा अधूरे/लंबित कार्यों के क्या कारण हैं;

(ग) निरमंड मंडल में जे0सी0बी0, एल0एण्ड0टी0 व अन्य भारी मशीनरी के माध्यम से करवाए गए कार्यों का आर0डी0वार, मशीन मालिकों/ठेकेदारों के नाम, पंजीकरण नंबर, कार्य घंटे, दर, एम0बी0 में दर्ज मात्रा, प्रस्तुत/स्वीकृत बिल व भुगतानों का ब्यौरा दें; और

(घ) मशीनरी व निर्माण कार्यों के बिलों के विभागीय सत्यापन, माप पुस्तिका रिकॉर्ड, भुगतान आदेशों, ऑडिट आपत्तियों तथा अनियमितता शिकायतों पर की गई कार्रवाई का ब्यौरा दें?

नागरिक अस्पताल सलूणी

***4825 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नागरिक अस्पताल, सलूणी के भवन निर्माण हेतु नई भूमि का चयन कर लिया गया है; यदि हां, तो चयनित भूमि के हस्तांतरण प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इस अस्पताल भवन का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

कूड़ा-कचरा प्रबंधन

***4826 श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नगर पंचायत बंजार में उचित कूड़ा-कचरा प्रबंधन व्यवस्था न होने के कारण विभिन्न स्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर कूड़े के ढेर लगे रहते हैं; यदि हां, तो दिनांक 01.11.2026 तक कूड़े के स्थायी निस्तारण हेतु सरकार द्वारा उठाए गए पगों तथा स्वीकृत एवं व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा दें;

(ख) क्या सरकार उपरोक्त नगर पंचायत में स्थायी डंपिंग साइट अथवा आधुनिक सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट स्थापित करेगी; यदि हां, तो भूमि चयन, धनराशि स्वीकृति एवं निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) यदि ऐसी व्यवस्था प्रस्तावित नहीं है, तो इस नगर पंचायत में वैज्ञानिक एवं स्थायी कूड़ा-कचरा प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु सरकार की कार्य योजना एवं समय-सीमा का ब्यौरा दें?

चेक डैमों का निर्माण

***4827 श्री रणवीर सिंह (निक्का) (नूरपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक वन मंडल नूरपुर द्वारा चेक डैम निर्माण हेतु कितनी धनराशि आबंटित की गई; ब्यौरा वर्षवार दें;

(ख) उक्त वन मंडल में दिनांक 01.11.2026 तक कुल कितने चेक डैमों का निर्माण किया गया; चेक डैम के निर्माण स्थल का ब्यौरा गांव व पंचायत के नाम सहित दें; और

(ग) दिनांक 01.11.2026 तक कितने चेक डैमो का निर्माण अधूरा है; ब्यौरा कारणों सहित दें तथा प्रत्येक अधूरे चेक डैम के कार्य पूर्ण करने की निर्धारित समय-सीमा क्या है?

मुआवजा

***4828 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आपदा के समय जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा था, उन सभी लोगों को मुआवजे की पूर्ण धनराशि सरकार द्वारा जारी कर दी गई है या नहीं; ब्यौरा दें?

डल झील

*4829 **श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार डल झील के सौंदर्यीकरण व विस्तारीकरण का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

पी0डी0एन0ए0 के तहत विकास कार्य

*4830 **श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुमन एवं सराहन में पी0डी0एन0ए0 के तहत पंचायतवार कितने कार्य स्वीकृत, निविदाबद्ध एवं पूर्ण किए गए तथा कार्यवार कितनी धनराशि व्यय की गई व कितनी शेष है; और

(ख) इन पंचायतों में स्वीकृत विकास कार्यों की लागत, निविदा तिथि, कार्य आरंभ एवं निर्धारित पूर्णता तिथि तथा अद्यतन स्थिति का ब्यौरा दें; क्या इन कार्यों की गुणवत्ता, तकनीकी व्यवहार्यता एवं व्यय की जांच हेतु विभागीय निरीक्षण किया गया है; यदि हां, तो निरीक्षण रिपोर्ट सहित ब्यौरा दें?

प्रभावितों को राहत

*4831 **डॉ0 जनक राज (भरमौर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक एन0एच0पी0सी0 चरण-III,जी0एम0आर0 होली तथा जे0एस0डब्ल्यू0 कुठेड़ जलविद्युत परियोजनाओं के अंतर्गत भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में इन परियोजनाओं से प्रभावित क्षेत्रों हेतु लाडा, सी0एस0आर0, आर0एण्डआर0 एवं सी0ई0आर0 मदों में वर्षवार, मदवार एवं पंचायतवार कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत, आबंटित एवं व्यय की गई; वर्षवार ब्यौरा दें?

गौ-सदन

*4832 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ) :**

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या सरकार बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बैजनाथ व पपरोला कस्बों के आस-पास तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या से निजात दिलाने हेतु नए गौ-सदन खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें;

और

(ख) यह सत्य है कि इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आवारा पशुओं द्वारा लोगों पर जानलेवा हमले किए जा रहे हैं; यदि हां, तो सरकार द्वारा क्या आवारा पशुओं को सड़कों से हटाकर गौ-सदन भेजने की कोई योजना बनाई जा रही है?

योजनाएं

***4833 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग की कितनी योजनाएं धनराशि के अभाव में अधूरी पड़ी हैं; योजनावार ब्यौरा, कार्य आरंभ होने की तिथि तथा प्रत्येक योजना पर व्यय की गई धनराशि सहित दें; और

(ख) अधूरी योजनाओं को पूर्ण करने हेतु कितनी धनराशि की आवश्यकता है तथा इन्हें पूर्ण करने की समय-सीमा का ब्यौरा दें?

मंदिर न्यास श्री नैना देवीजी

***4834 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक मंदिर न्यास श्री नैना देवीजी द्वारा अपनी निधि से कौन-कौन से विकास कार्य करवाए या करवाए जा रहे हैं; प्रत्येक कार्य का नाम, स्वीकृत लागत, व्यय की गई धनराशि तथा ठेकेदारों के नाम सहित ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में मंदिर न्यास को श्रद्धालुओं से चढ़ावे के रूप में कुल कितनी धनराशि एवं अन्य सामग्री (सोना/चांदी इत्यादि) प्राप्त हुई; ब्यौरा वर्षवार दें?

Upgradation of PHC Subathu

***4835 Sh. Vinod Sultanpuri (Kasauli):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) the norms prescribed for upgrading primary health center (PHC) to a community health center (CHC) and whether the government propose to upgrade PHC Sabathu to CHC keeping in view its geographical conditions; if so, by when; if not, reason therefor;

(b) the health institution-wise details of sanctioned, filled and vacant post of Doctors and Para-medical staff in Kasauli Assembly Constituency's Government hospitals, CHC, PHC and ESI hospitals at Parwanoo be given;

(c) whether several Doctors have been transferred from Kasauli, Jabli Parwanoo and ESI hospital at Parwanoo without making substitute appointments; if so, reason therefor; and

(d) whether the government propose to fill-up vacant posts of Doctors and other Para-medical staff on priority basis in Kasauli Assembly Constituency; if so, by when; if not, reason therefor?

MA Classes

***4836 Sh. Inder Dutt Lakhanpal (Barsar):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) the government propose to start Master of Arts(M.A) classes in Government Degree College, Barsar; if so, the details of the subjects proposed to be introduced and; if not, reasons therefor;

(b) whether the Government proposes to provide the necessary teaching staff, infrastructure, classrooms and other facilities required for commencing Postgraduate courses in the said college; if yes, by when; and

(c) whether the Government has prepared action plan to strengthen the academic and administrative infrastructure of Government Degree College, Barsar to ensure the commencement of Postgraduate courses; if so, the

details thereof?

क्षतिग्रस्त सड़कें / पुल निर्माण

***4837 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कितने गांव पक्की सड़क सुविधा से वंचित हैं; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) प्रदेश में कितनी सड़क परियोजनाएं निर्धारित समय-सीमा से पीछे हैं; भूमि अधिग्रहण, वन स्वीकृति या धन की कमी के कारण लंबित परियोजनाओं का जिलावार ब्यौरा दें;

(ग) प्रदेश में गत दो वर्षों में भारी बरसात से कितनी सड़कें क्षतिग्रस्त हुईं; इनकी मरम्मत पर कितना व्यय हुआ व कितनी सड़कें मरम्मत हेतु लंबित हैं; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें; नकरोड़ से आयल सड़क मार्ग के ब्लैक स्पॉट हटाने व विस्तारीकरण का कार्य कब तक शुरू कर दिया जाएगा;

(घ) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत क्षतिग्रस्त पंगोला नाला पुल, तरवाई पुल तथा कंगेला नाला पुल (बघेईगढ़) का पुनर्निर्माण कब तक कर दिया जाएगा; और

(ङ) प्रदेश में गत दो वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक सड़क निर्माण गुणवत्ता की कितनी शिकायतें प्राप्त हुईं; कितने मामलों में तकनीकी जांच की गई तथा ठेकेदारों/अधिकारियों पर क्या-क्या कार्रवाई/जुर्माना लगाया गया; जिलावार ब्यौरा दें?

आपराधिक मामले

***4838 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश में महिलाओं के विरुद्ध घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ व दुष्कर्म के कितने मामले दर्ज किए गए; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) कितने मामलों में आरोपियों को सजा सुनाई गई तथा कितने मामले न्यायालयों में लंबित हैं; जिलावार ब्यौरा दें;

(ग) महिलाओं के विरुद्ध इस प्रकार के अपराधों को रोकने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं; और

(घ) महिलाओं की सुरक्षा हेतु प्रत्येक जिले में महिला हेल्प डेस्क, पुलिस सहायता एवं

त्वरित न्याय की क्या व्यवस्था है; ब्यौरा दें?

इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना

***4839 श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01 मार्च, 2023 से 01 नवम्बर, 2026 तक सरकार द्वारा इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कितनी महिलाओं को 1,500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की गई; ब्यौरा लाभार्थियों की संख्या, नाम व पते सहित वर्षवार दें?

सी0बी0एस0ई0 से संबद्धता

***4840 श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01.11.2026 तक डलहौजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने राजकीय विद्यालयों को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी0बी0एस0ई0) से संबद्धता प्रदान की गई; विद्यालयवार ब्यौरा दें; और

(ख) क्या सरकार का इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अन्य राजकीय विद्यालयों को भी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी0बी0एस0ई0) से संबद्ध करने का कोई प्रस्ताव है; यदि हां, तो कौन-कौन से विद्यालय तथा संबद्धता प्रदान किए जाने की प्रस्तावित समय-सीमा क्या है?

वन महोत्सव

***4841 श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत वर्ष में दिनांक 01.11.2026 तक प्रदेश के विभिन्न वन मंडलों एवं वन्यजीव वन मंडलों में कब व किन स्थानों पर किसकी अध्यक्षता में वन महोत्सव आयोजित किए गए; ब्यौरा वन मंडल व वन्य जीव मंडल एवं आयोजन स्थलवार दें;

(ख) इस अवधि के दौरान प्रदेश में कुल कितने पौधों का कितने हैक्टेयर भूमि पर पौधरोपण हुआ; जिला, वन मंडल व वन्य जीव मंडलवार ब्यौरा दें; और

(ग) इस अवधि में बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुए; कुल कितने पौधे रोपित हुए तथा कितने हैक्टेयर भूमि पौधरोपण के तहत लाई गई; स्थानवार एवं वन परिक्षेत्रवार ब्यौरा दें?

लोक मित्र केंद्र

***4842 श्री रणवीर सिंह (निक्का) (नूरपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या सरकार लोक मित्र केंद्रों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा सरकारी सेवाओं को एकल खिड़की व्यवस्था के अंतर्गत विस्तारित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें;

(ख) क्या सरकार के संज्ञान में है कि लोक मित्र केंद्र संचालकों को विभिन्न कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है; यदि हां, तो इनकी समस्याओं के समाधान हेतु क्या प्रयास किए जा रहे हैं; और

(ग) क्या सरकार पंजाब सरकार के सुविधा केंद्र मॉडल की तर्ज़ पर प्रदेश के लोक मित्र केंद्रों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो इस संबंध में तैयार कार्य योजना तथा कार्यान्वयन की समय-सीमा का ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

***4843 श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद) :**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.11.2026 तक पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कितनी सड़कों का निर्माण एवं पक्कीकरण (mettled) किया गया तथा इन पर सड़कवार कितनी धनराशि स्वीकृत, आबंटित एवं व्यय की गई; ब्यौरा दें;

(ख) क्या बड़ी भु-पंडाहा सड़क मार्ग की दयनीय स्थिति तथा उक्त योजना के तहत निर्मित अन्य सड़कों की टारिंग एवं मेटलिंग कुछ ही महीनों में उखड़ने के संबंध में विभाग द्वारा कोई संज्ञान लिया गया है; यदि हां, तो गुणवत्ता जांच, निरीक्षण रिपोर्ट एवं संबंधित ठेकेदारों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का ब्यौरा दें;

(ग) क्या औच्छघाट-नेरीपुल-छैला सड़क मार्ग के निर्माण हेतु केंद्र सरकार द्वारा धनराशि उपलब्ध करवाई गई है; यदि हां, तो कार्य आरंभ न किए जाने के कारणों तथा कार्य आरंभ करने की प्रस्तावित समय-सीमा का ब्यौरा दें; और

(घ) सराहां से चण्डीगढ़ सड़क मार्ग के पक्कीकरण (mettled) एवं उन्नयन हेतु क्या योजना प्रस्तावित है तथा इस कार्य को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

शिमला: 171004.
12 नवम्बर, 2026.

यशपाल शर्मा,
सचिव